Rewa mp : जंगल से नईगढी़ पुलिस ने पकड़ी लाखों की नकली सीमेंट पांच आरोपी गिरफ्तार दो फरार।

मऊगंज जिले की नईगढ़ी थाना पुलिस ने नकली सीमेंट बनाने के बड़े रैकेट का पर्दाफाश किया है बताया गया है कि कटरा घूमा नईगढी मार्ग स्थित जंगल में नकली सीमेंट बनाने का कारोबार किया जा रहा था बीते तीन दिनों से पुलिस इस कारोबार पर दबिश दे रही है और अब तक लाखों का नकली सीमेंट बरामद करते हुए पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार भी किया है इस गोरखधंधे में शामिल मुख्य दो आरोपी फरार हैं, जिनकी तलाश पुलिस कर रही है सूत्र बताते हैं कि इस नकली सीमेंट को रीवा और मऊगंज के विभिन्न डीलरों को सप्लाई किया जाता है, नकली सीमेंट परिवहन के लिए लगभग एक दर्जन वाहन उपयोग किए जाते हैं जो रात्रि 12:00 बजे से लेकर सुबह 3:00 बजे तक माल पहुंचाने का काम करते हैं। बड़ा सवाल यह है कि क्या नकली सीमेंट बेचने वाले डीलरों के गिरेबान तक पुलिस पहुंच कर इस कारोबार का खुलासा करेगी जो इस गोरखधंधे में शामिल हैं।

रीवा जिला मुख्यालय से लगभग 65 किलोमीटर दूर, नेशनल हाईवे-30 से पूर्व तरफ 5 किलोमीटर घूमा-नईगढ़ी मार्ग स्थित जंगल में बनाई जाने वाली नकली सीमेंट की भनक पुलिस को तीन दिन पहले ही लग चुकी थी पुलिस अधीक्षक मऊगंज रसना ठाकुर के निर्देश पर तेजतर्रार नईगढी़ थाना प्रभारी जगदीश सिंह ठाकुर और उनकी टीम द्वारा की गई छापामार कार्रवाई से इस गोरख धंधे का खुलासा हो गया पुलिस ने राखड और सीमेंट के मिलावट से तैयार की गई लाखों की नकली सीमेंट बरामद कर ली है पूरे मामले की जांच विवेचना कर रही है शंका जताई जा रही है कि इस गोरख धंधे में शामिल पर्दे के पीछे बैठे लोग भी बेनकाब होंगे।

Source: https://viratvasundhara.in/city-news/rewa/35112/#google_vignette